मरीज़ों और माता-पिता के लिए टीकाकरण रजिस्ट्री का नोटिस

टीकाकरण या 'टीकों' से गंभीर रोगों से सुरक्षा मिलती है। तपेदिक (TB) के स्क्रीन टेस्ट से यह पता लगाने में मदद मिलती है कि आपको TB संक्रमण है या नहीं और स्कूल या कार्यस्थल में इसकी जरूरत हो सकती है। आपको लगे हुए टीकों/आपकी पहले की जा चुकी TB की जांच को ट्रैक करना मुश्किल हो सकता है। एक से ज्यादा डॉक्टरों से इलाज प्राप्त होने पर ये खासतौर पर और भी मुश्किल हो जाता है। आज, डॉक्टर टीकों और TB जांच को ट्रैक करने के लिए इम्यूनाइज़ेशन रजिस्ट्री नामक एक सुरक्षित कंप्यूटर सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं। डॉक्टर बदलने पर आपका नया डॉक्टर टीकों/TB की जांच के रिकॉर्ड्स देखने के लिए इस रजिस्ट्री का इस्तेमाल कर सकता है।

रजिस्ट्री से आपको कैसे मदद मिलती है?

- इसमें सभी टीकों और TB जांचों (त्वचा की जांच/छाती के एक्स-रे) को ट्रैक किया जाता है, ताकि आप कुछ चूक ना जाएँ या ऐसा बहुत बार ना करें
- आपको या आपके बच्चे को टीकों की जरूरत पड़ने पर आपको रिमाइंडर भेजती है
- आपको myvaccinerecord.cdph.ca.gov पर अपने डिजिटल वैक्सीन रिकॉर्ड तक पहुंच सकते हैं। रिकॉर्ड्स का इस्तेमाल बच्चे की देखभाल, स्कूल या कार्यस्थल के लिए किया जा सकता है।

रजिस्ट्री से आपकी स्वास्थ्य देखभाल टीम को क्या मदद मिलती है?

डॉक्टर, नर्सें, स्वास्थ्य प्लान, और सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियां निम्न करने के लिए रजिस्ट्री का इस्तेमाल करते हैं:

- यह देखने के लिए कि किन टीकों/TB जांचों की जरूरत है
- ज़रूरी टीकों के बारे में आपको याद दिलाने के लिए
- अपने समुदाय में बीमारी को रोकने के लिए
- रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद के लिए

क्या स्कूल या अन्य प्रोग्राम्स रजिस्ट्री को देख सकते हैं?

हाँ, लेकिन यह सीमित होता है। कैलिफ़ोर्निया कानून के अंतर्गत अनुमत स्कूल, शिशु देखभाल, और अन्य एजेंसियां निम्न कर सकते हैं:

- उनके प्रोग्रामों के लिए यह देखना कि बच्चों को कौन से टीकों/TB जांचों की जरूरत है
- यह सुनिश्चित करना कि बच्चे शिशु देखभाल या स्कूल आरंभ करने के लिए ज़रूरी टीकों और TB जांचों की आवश्यकता की पूर्ति करते हैं

रजिस्ट्री में किस जानकारी को साझा किया जा सकता है?

- मरीज़ का नाम, लिंग, और जन्मतिथि
- माता-पिता या अभिभावक का नाम
- मरीज़ों की पहचान के लिए सीमित जानकारी
- मरीज़ के टीकों/TB जांचों या चिकत्सीय छूट के बारे में विवरण

रजिस्ट्री में प्रविष्ट जानकारी को अन्य गोपनीय चिकित्सीय जानकारी के रूप में ही देखा जाता है। रजिस्ट्री का दुरूपयोग करना कानून के अनुसार दंडनीय हो सकता है। कैलिफोर्निया कानून के अंतर्गत केवल डॉक्टर का कार्यालय, स्वास्थ्य प्लान, या सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ही आपका पता और फ़ोन नंबर देख सकते हैं। स्वास्थ्य अधिकारी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए रजिस्ट्री को देख सकते हैं।

मरीज़ और माता-पिता के अधिकार

आपके प्रदाता से निम्न के बारे में निवेदन करना आपका कानूनन अधिकार है:

- अन्य प्रदाताओं और स्कूलों को आपके (या आपके बच्चे के) रजिस्ट्री रिकॉर्ड्स देखने से रोकना
- टीकों के अपॉइंटमेंट के रिमाइंडर्स ना भेजना
- आपके या आपके बच्चे के टीके/TB जांच के रिकॉर्ड्स की कॉपी देखना
- आपके रिकॉर्ड्स किसने देखे हैं और किसी भी गलती को सुधारना

यदि आप आपके या आपके बच्चे के रिकॉर्ड्स देख सकने वाले व्यक्तियों को सीमित करना चाहते हैं, तो:

यदि आप नहीं चाहते कि आपके प्रदाता का कार्यालय आपके टीकाकरण/TB परीक्षण की जानकारी अन्य प्रदाता साइटों के साथ साझा करे, तो अपने प्रदाता से CAIR में आपके रिकॉर्ड लॉक करने के लिए कहें। आप CAIR की वेबसाइट (bit.ly/CAIRforms) पर भी एक फॉर्म भर सकते हैं "Request to Lock My CAIR Record"। यदि आप अपना मन बदल लेते हैं, तो "Request to Unlock my CAIR Record" फॉर्म भरें।

अधिक जानकारी के लिए 800-578-7889 या CAIRHelpDesk@cdph.ca.gov पर CAIR हेल्प डेस्क से संपर्क करें।